फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट – कोतवाली मोहम्मदाबाद

दिनांक :- 09.03.2024

कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 247/2024 धारा 303(2)/317(2) से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त को मुकदमा उपरोक्त मे चोरी किये गये 02 अदद मोबाईल व 01 अदद मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री जोगेन्द्र सिंह के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री आलोक प्रियदर्शी के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व श्रीमान क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद श्री राजेश कुमार द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 247/2024 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभि0 आरिफ हुसैन पुत्र सगीर निवासी ग्राम कटरी धरमपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रूखाबाद को दिनांक 09.03.2025 को मुखबिर की सूचना पर चोरी किये गये 02 अदद मोबाईल व 01अदद मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

अभियुक्त का नाम व पताः-

आरिफ हुसैन पुत्र सगीर निवासी ग्राम कटरी धरमपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़।

घटना का विवरण- दिनांक 18.11.24 को वादी मुकदमा के प्लांट मे काम करने वाले दो कारीगरों के मोबाइल तथा वादी के साले श्री अशोक दुबे की मोटरसाईकिल UP84Z0681अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में कोतवाली मोहम्मदाबाद पर मु0अ0सं0 247/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में अभि0 आरिफ हुसैन पुत्र सगीर निवासी ग्राम कटरी धरमपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रूखाबाद का नाम प्रकाश में आया तथा अभि0 को चोरी किये गये दो मोबाइल तथा एक मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गई।

पूछताछ का विवरण – अभियुक्त आरिफ हुसैन ने बताया कि साहब दिनांक 18.11.2024 को रात्रि लगभग 09 से 10 बजे के बीच मैने यू0पी0एस0आई0डी0सी0 खिमसेपुर स्थित प्लांट से दोनो मोबाइल और मोटरसाईकिल चोरी किया था तथा आज उनको मैं बेचने के लिये जा रहा था।

बरामदगी का विवरण:-

1. 02 मोबाइल
2. 01 अदद मोटरसाईकिल

अभियुक्त आरिफ हुसैन उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 247/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना मोहम्मदाबाद जनपद फतेहगढ़।

गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 रमेश सिंह
2. उ0नि0 विनोद कुमार शर्मा
3. का0 मस्तराम
4. का0 शशांक
5. का0 अजय कुमार

मीडिया सेल फतेहगढ़।